पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने किया नवनिर्मित चन्दन हास्पिटल का शुभारम्भ

लखनऊ चिकित्सा हब के रूप में स्थापित हो रहा है - राज्यपाल

लखनऊः 01 अक्टूबर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज फैजाबाद रोड स्थित नवनिर्मित चन्दन हास्पिटल का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डाॅ0 नरेन्द्र अग्रवाल, चन्दन हास्पिटल के सी0एम0डी0 डाॅ0 अमर सिंह, चन्दन हास्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डाॅ0 फारूख अंसारी व अन्य चिकित्सगण एवं विशिष्टगण उपस्थित थे। नवनिर्मित चन्दन हास्पिटल 200 शैय्याओं युक्त सुपर स्पेशलियटी हास्पिटल है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में लोक स्वास्थ्य, केन्द्र एवं राज्य सरकारों के लिये एक संवैधानिक दायित्व के साथ-साथ एक सामाजिक दायित्व भी है। चिकित्सा सेवाओं में विस्तार हुआ है, फिर भी सबको उचित चिकित्सा सेवा नहीं मिल पाती हैं। निजी अस्पताल भी देश की सेवा करते हैं। कम खर्च में अच्छा इलाज कैसे मुहैया हो, विचार का विषय है। चिकित्सक के पेशे में धैर्य और सहनशीलता का बहुत महत्व है। परोपकार से जुड़े इस पेशे में मरीज की समाधान भरी मुस्कान से बड़ी कोई चीज नहीं है। रोगी स्वस्थ होने के बाद चिकित्सक की प्रशंसा दूसरों से करता है। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सक के लिये सबसे बड़ी कमाई है।

श्री नाईक ने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी के साथ-साथ चिकित्सा हब के रूप में भी स्थापित हो रहा है। यहाँ किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान जैसे अनेक सरकारी चिकित्सा संस्थानों के साथ-साथ निजी स्तर पर भी अनेक प्रतिष्ठित अस्पताल है। अस्पतालों को व्यवसाय नहीं सेवा भाव की भूमिका में काम करना चाहिये। ‘सर्वे भवन्तु सुखिनः’ जैसा श्लोक भारतीय संस्कृति का ध्वजवाहक है कि निरामया जीवन कैसा हो। निजी अस्पतालों में भी गरीबों को सस्ता इलाज उपलब्ध हो, इस पर विचार करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने कई नई कल्पनाओं को लेकर लोगों के सामने नई योजनाएं रखी हैं जिन पर क्रियान्वयन हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ‘आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना’ जैसी नई योजना देश के सामने गरीबों के लिये रखी है जिससे लगभग 50 करोड़ आबादी लाभान्वित होगी। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक चिन्हित परिवार को पांच लाख रूपये प्रति वर्ष की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें परिवार के किसी भी सदस्य को चिन्हित अस्पतालों में भर्ती कर इलाज कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना वंचितों और गरीबों के लिये वरदान सिद्ध होगी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डाॅ0 नरेन्द्र अग्रवाल एवं चन्दन हास्पिटल के सी0एम0डी0 डाॅ0 अमर सिंह ने भी अपने विचार रखे। अस्पताल के निदेशक डाॅ0 फारूख अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (377/2)

Chandan
"चन्दन हॉस्पिटल"
पर स्पेशलिटी चन्दन हॉस्पिटल, गोमती नगर, लखनऊ
का उद्घाटन
श्री राम नाईक
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
कर-कमलों द्वारा दिनांक 01.10.2018 को सम्पन्न हुआ।
May I Help You